गिरफ्तार : दो किलोग्राम गांजा सहित बंगलादेश सीमांत से 2 गिरफ्तार

घेराव : आर.जी.कर के प्रिंसिपल का मेडिकल स्टूडेंट्स ने किया घेराव

न्यूज ब्रीफ

नोआपाड़ा से कुख्यात सोनू गिरफ्तार

बैरकपुर : बैरकपुर कमिश्नरेट के नोआपाड़ा थाने की पुलिस ने रविवार को एक कुख्यात नारायण राम उर्फ सोनू को गिरफ्तार करते हुए सोमवार को उसे बैरकपुर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर मायापल्ली इलाके से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक पाइपगन, 1 गोली व एक धारदार हथियार भी बरामद किया है। बताया गया है कि जगदल के एक कुख्यातों के गिरोह का सदस्य सोनू भी है जो कि कई आपराधिक मामलों में लिप्त है। पुलिस उसे हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ शुरू की है।

अलायंस क्लब एरोसिटी का शपथ ग्रहण समारोह

कोलकाता : अलाइंस क्लब एरोसिटी का शपथ ग्रहण समारोह होटल मैरीन में आयोजित किया गया। एलायंस क्लब इंटरनैशनल डिस्ट्रिक 101 के मीडिया प्रभारी प्रकाश किला ने जानकारी देते हुए कहा कि विकाश जैन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। विकास जैन व उनकी टीम ने वर्ष 2021- 22 हेतु पद व दायित्व निर्वाह की शपथ ली। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मनोज सरावगी, क्लब के संस्थापक सतीश लाखोटिया, कमल लाखोटिया, मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गर्वनर अनूप अग्रवाल, शपथ अधिकारी रमेश केडिया, संदीप चौधरी, लक्ष्मी कृष्णन, डिस्ट्रिक्ट जन संपर्क अधिकारी विकाश बरडिया जैन, प्रकाश किल्ला मुख्य रूप से उपस्थित थे। विनीत बेद, दिनेश धानुका, बिमल पांडे, मनोज बजाज, विमल मोर व अन्य सभी सदस्य सक्रिय थे।

हावड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन

हावड़ा : इंडियन फॉर्म फ़ॉर ह्यूमन वेलफेयर कोलकाता और श्री श्याम परिवार (हावड़ा) सुखी संसार के तत्वाधान में रविवार को रक्तदान समारोह का कार्यक्रम सुखी संसार कम्युनिटी हाल में सम्पन्न हुआ। इसमें 61 व्यक्तियों ने रक्तदान किया और रक्त संग्रह का का कार्य भारतीय सेना के ईस्टर्न कमांड के टीम और लॉयन्स क्लब के द्वारा हुआ। इस कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक सुशील ओझा, भाजपा नेता उमेश राय, तृणमूल नेता मानव जायसवाल, लग्नदेव सिंह, राजकुमार व्यास, पुरुषोत्तम दास मूंधड़ा आदि ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू काबरा, रमेश बिहानी, अरविंद करनानी, किशन शर्मा, श्रीकांत शर्मा, आलोक जैन, मनीष अग्रवाल, दीपक लाहोटी, प्रदीप बैद, नारायण दास व्यास आदि का योगदान रहा।

हरियाली अमावस्या पर भंडारा का आयोजन

कोलकाता : बड़ाबाजार परमार्थ की ओर से सोमवार को भंडारा चौक पर हरियाली अमावस्या पर भंडारे का आयोजन किया गया। चेयरमैन प्रकाश जाजोदिया, संजय मजेजी ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। सचिव नागेश सिंह ने कहा कि प्रति माह अमावस्या पर भंडाये का आयोजन स्थानीय लोगों के सहयोग से होता है। हजारों लोग भंडारे का लाभ उठाते हैं। नवीन संगानेरिया, सुरेश अग्रवाल, लालू गौरीसरिया, अरुण गुप्ता, भरत राम तिवारी का इसमें सहयोग रहा। कार्यक्रम में रवींद्र तिवारी, राज नारायण मिश्रा, मनोज पाठक, राम बाबू शुक्ला, गुड्डू खान, लाला शर्मा, कुणाल चतुर्वेदी, नगीना खैरवार, हरीत दोलई, पप्पू बंसल, अनीता खैरवार, मुमताज आलम, अजय खैरवार आदि मौजूद थे।

जेआईएस ग्रुप के अंतर्गत गार्गी मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (जीएमआईटी) की प्रतिष्ठा के 10 वर्ष पूर्ति के मौक पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जीएमआईटी के चेयरमैन डॉ. जी. एल. दत्ता, विधानसभा के स्पीकर विमान बनर्जी, जेआईएस ग्रुप के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर हरनजीत सिंह व अन्य (बाएं से दाएं)

एक कॉल पर नि:शुल्क परामर्श दे रहे डॉक्टर्स

नोपानी इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थकेयर स्टडीज की अभिनव पहल ■ नि:शुल्क हेल्पलाइन नंबर-9831706157

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता: महानगर के डॉक्टरों के एक समूह ने कोविड-19 से ठीक हुए लोगों को घर बैठे नि:शुल्क परामर्श उपलब्ध कराने के लिये एक हेल्पलाइन शुरू की है। यह पहल **डॉ. शबनम अग्रवाल** ने शुरू की है। दरअसल उन्होंने देखा कि बड़े पैमाने पर लोग कोविड से ठीक होने के बाद भी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में नोपानी इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थकेयर स्टडीज (एनआईएचएस) से जुड़े फिजियोथेरेपिट्स सामने आए। साथ ही अभिनव पहल करते हुए कोविड जयी लोगों को नि:शुल्क परामर्श देना शुरू किया। डॉ. विमलेश कामत ने बताया कि काफी संख्या में लोगों का फोन आता है। ऐसे में उनके लिए हम एक निश्चित समय जूम पर तय करते हैं। इसके माध्यम से आवश्यक परामर्श दिया जाता है।

कोविड संक्रमण से ठीक होने के बाद भी काफी लोगों में कई दिक्कतें सामने आ रही हैं। ऐसे में यह अभिनव पहले ऐसे लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

इन समस्याओं से जुड़े लोग कर सकते हैं संपर्क

- कमजोरी एवं थकान
- घुटने में असहनीय दर्द
- मांसपेशियों का कमजोर होना
- गर्दन व कंधे में दर्द

- शरीर का संतुलन खोना
- अंगों के संचालन की क्षमता खोना
- सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द
- गंध महसूस न होना, बेचैनी लगना, अन्य लक्षण

आर. जी. कर के प्रिंसिपल का मेडिकल स्टूडेंट्स ने किया घेराव

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता: आर.जी.कर मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल के मेडिकल स्टूडेंटस ने सोमवार की शाम प्रिंसिपल की गाड़ी का घेराव कर प्रदर्शन किया। अस्पताल सूत्रों की मानें तो कुछ मांगों को लेकर स्टूडेंट्स प्रिंसिपल से मिलने पहुंचे थे। हालांकि काफी देर तक वह नहीं मिले। ऐसे में जैसे ही वह गाड़ी से बाहर निकले, मेडिकल स्टूडेंट्स ने उनका घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर टाला थाना के पुलिस कर्मी पहुंचे व परिस्थिति को संभाला। सूत्रों के मुताबिक पूरे घटनाक्रम की शुरुआत कॉलेज में एक छात्र इकाई के गठन से हुई है। इसके बाद से छात्र करीब 15 सूत्री मांगों पर अड़े हुए हैं। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू हो गया है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मुख्य मांग थी कि प्राचार्य उनके साथ बैठकर 15 सूत्री मांगों पर चर्चा करें। आरोप है कि जब पांच घंटे बाद भी प्रिंसिपल चर्चा में नहीं बैठे तो छात्रों के सब्र का बांध टूट गया। मामला तब और बढ़ गया जब प्रिंसिपल ने पुलिस की गाड़ी से बाहर निकलने का प्रयास किया। छात्रों ने कार के आगे विरोध करना शुरू कर दिया।

स्वतंत्रता की अवधारणा और प्रेमचंद पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

कोलकाता : भारतीय भाषा परिषद द्वारा 'स्वतंत्रता की अवधारणा और प्रेमचंद' विषय पर एक राष्ट्रीय वेब-संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में देश के अलग अलग हिस्सों से कई विद्वानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर लेखिका डॉ.कुसुम खेमानी ने प्रेमचंद की कई रचनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रेमचंद ने कैसे गांधी की पुकार पर नौकरी छोड़कर आजादी की लड़ाई में साथ दिया। इग्नू के पूर्व प्रोफेसर डॉ.जवरीमल्ल पारख ने कहा कि प्रेमचंद सामाजिक और राजनीतिक आजादी को स्वतंत्रता की अवधारणा का अर्थ मानते थे। खिदिरपुर कॉलेज की प्रोफेसर इतु सिंह ने प्रेमचंद की रचनाओं में आए स्वराज के प्रश्नों को उठाते प्रेमचंद की 'कर्बला' की चर्चा की।

बीएचयू के पूर्व प्रोफेसर अवधेश प्रधान ने कहा कि प्रेमचंद केवल राजनीतिक स्वाधीनता नहीं बल्कि एक मुकम्मल स्वाधीनता की बात करते थे। बीएचयू के सहायक प्रोफेसर विवेक सिंह ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाओं में जो स्वप्नदर्शी पात्र थे और वे देश के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगाने को तैयार थे। मॉरीशस से जुड़े प्रो. वेदरमण ने कहा कि प्रेमचंद से बेहतर कौन जान सकता था कि आर्थिक आजादी क्या होती है।

कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए प्रो.शंभुनाथ ने कहा कि भारतीय जनता इस कोरोना काल में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ की ओर बड़ी उम्मीद से देख रही है। कार्यक्रम का सफल संयोजन और संचालन संजय जायसवाल और पूजा गुप्ता ने तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव डॉ केयुर मजमूदार ने दिया।

सॉल्टलेक लोक संस्कृति का अभिनंदन समारोह

कोलकाता : सॉल्टलेक लोक संस्कृति का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जोड़ासांको के विधायक एवं सन्मार्ग समूह के संपादक विवेक गुप्त एवं विधाननगर विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा दमकल एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस की शानदार विजय सभी के लिए प्रसन्नता की बात है। संस्था के अध्यक्ष संदीप गर्ग ने बताया कि विवेक गुप्त से सॉल्ट लेक लोक संस्कृति को सहयोग एवं प्रोत्साहन मिलता रहा है। शनिवार की शाम को एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया है। संस्था के संस्थापक मदन गोपाल राठी ने बताया कि कोरोना में सभी प्रशासनिक नियमों एवं ज़रूरी सावधानियों को ध्यान में रखते हुए ही संस्था ने इस कार्यक्रम को सूक्ष्म रूप में करने का निश्चय किया है। विवेक जी गुप्त ने संस्था के सभी कार्यक्रमों और विशेषकर, प्रत्येक वर्ष होने वाले अष्ट दिवसीय मेला 'आपणों गाँव' की बहुत प्रशंसा की तथा कहा कि कोरोना काल में प्रशासन द्वारा तय किये गए नियमों के दायरे में रहते हुए, संस्था को मेला के आयोजन की दिशा में सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए विचार करना चाहिए। संस्था के सचिव कमलेश केजरीवाल ने यह जानकारी दी ।

हावड़ा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

हावड़ा : लॉयंस क्लब हावड़ा ग्रेटर का लिलुआ में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर को फिर से शुरू किया गया। लॉक डाउन के कारण पिछले 3 महीने के बाद भारी बरसात के बाद भी सफलता से शिविर की शुरूआत की गई। शिविर तुलसीयान चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लायन नारायण हरि तुलसीयान द्वारा संचालन लायंस सुभाष सेठी ने किया। यह शिविर हर रविवार को लगाया जाता है।

बिजली विधेयक के विरोध पर सवाल उठाया केन्द्रीय मंत्री ने

सन्मार्ग संवाददाता

नयी दिल्ली/कोलकाता : बिजली मंत्री **आर के सिंह** ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2021 के विरोध के इरादे को लेकर संदेह जताया। उन्होंने कहा कि आखिर मुख्यमंत्री बिजली वितरण में एकाधिकार का बचाव क्यों चाहती हैं। बनर्जी ने पिछले सप्ताह कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राज्यों की आपत्तियों के बावजूद सरकार की विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2021 संसद में पेश करने की योजना को लेकर विरोध जताया। उन्होंने नये संशोधन को 'जन विरोधी' बताया। पत्र के बारे

में पूछे जाने पर सिंह ने संवाददाताओं से कहा, 'आखिर वह (बनर्जी) बिजली वितरण क्षेत्र में एकाधिकार क्यों बनाये रखना चाहती हैं? खासकर जब कोलकाता में बिजली शुल्क देश में उच्च दरों में से एक है।' उन्होंने कहा कि विधेयक का मकसद क्षेत्र में लाइसेंस की व्यवस्था समाप्त कर बिजली वितरण क्षेत्र में एकाधिकार को समाप्त करना है। केंद्रीय मंत्री जल्द ही बनर्जी की तरफ से जतायी गयी चिंताओं को दूर करने के लिये उन्हें पत्र लिखेंगे। मंत्री की पश्चिम बंगाल के साथ-साथ केरल सरकार को भी पत्र लिखकर विधेयक की खासियत और आम लोगों को उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताने की योजना है। विधेयक के संसद से पारित होने और कानून बनने के बाद बिजली वितरण क्षेत्र लाइसेंस मुक्त हो जाएगा और ग्राहकों के पास दूरसंचार क्षेत्र की तरह अपनी पसंद के अनुसार बिजली वितरण कंपनी चुनने का अधिकार होगा। मंत्री ने कहा, 'लाइसेंस राज को खत्म करना होगा ताकि निवेशक क्षेत्र में आ सके। अगर निवेशक नहीं आते हैं, तब समस्या बढ़ेगी।'

भाजपा विधायक का दावा, तृणमूल बिगाड़ रही है शांति का माहौल

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : तृणमूल के नये नारे 'जितबे त्रिपुरा' के बीच त्रिपुरा के भाजपा विधायक सुशांत चौधरी ने सोमवार को दावा किया कि तृणमूल त्रिपुरा में आकर यहां शांति का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। सुशांत ने कहा कि पश्चिम बंगाल की तरह अब त्रिपुरा में भी तृणमूल अशांत माहौल बनाना चाह रही है। उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल के अलावा कहीं भी चुनाव बाद हिंसा नहीं हुई, केवल पश्चिम बंगाल में अब भी हिंसा जारी है।' उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के लोग भी आश्चर्य में हैं कि क्यों तृणमूल त्रिपुरा में आने की कोशिश कर रही है। वर्ष 1998 से ही तृणमूल की ये कोशिश जारी है, लेकिन इसका कोई लाभ अब तक नहीं हुआ और ना ही आगे होगा। माकपा के खिलाफ भाजपा की लड़ाई में तृणमूल ने समर्थन नहीं किया, वहीं जब तृणमूल खुद को राष्ट्रीय पार्टी बनाना चाहती थी तो उसने त्रिपुरा के लोगों को मूर्ख बनाया।

राज्यपाल ने किया सोसायटी बेनिफिट सर्किल की पत्रिका का विमोचन

कोलकाता : संस्था सोसायटी बेनिफिट सर्किल की सेवाओं से प्रभावित होकर राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने संस्था की भूरि-भरि प्रशंसा की। मौका था सर्किल की त्रैमासिक पत्रिका सोसाईटी दर्पण के विमोचन का। राजभवन में सर्किल के अध्यक्ष मनीष धानुका, प्रधान सचिव पवन बंसल तथा कोषाध्यक्ष सुभाष गोयनका ने महामहिम राज्यपाल के हाथों पत्रिका का लोकार्पण करवाया। इस मौके पर बंसल ने राज्य को कोरोना काल में तथा यस तूफान से प्रभावित लोगों की सेवार्थ किये गये सेवा कार्यों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि मानव सेवार्थ किये गये कार्यों का सुफल अवश्य मिलता है। अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष ने शॉल पहनाकर महामहिम का अभिनन्दन किया।

गृहिणी ने लगाया सरकारी अधिकारी पर मारपीट व यौन शोषण का आरोप

खड़दह : खड़दह थाना अंतर्गत पानीहाटी पालिका के 6 नंबर वार्ड, आगरपाड़ा तेंतुलतल्ला हरिमोहन चटर्जी रोड की निवासी शिखा दास ने अपने पड़ोसी व गैजेटेड ऑफिसर सब्यसाची भट्टाचार्य पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पीड़िता का आरोप है कि इलाके में निर्माणाधीन मकान के कुछ हिस्से को सब्यसाची अपनी मनमानी से तुड़वा रहे हैं जिसका उसने प्रतिवाद किया था। आरोप है कि रविवाद की रात को ही इस घटना को लेकर उन्होंने शिखा को बुरी तरह पीटा और उसका यौन शोषण भी किया। पीड़िता की इस अवस्था को देखते हुए बाद में इलाके के लोगों ने अभियुक्त को बाधा दी और उसे वहां से निकालकर पानीहाटी स्टेट जनरल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सोमवार को पीड़िता ने खड़दह थाने में सब्यसाची दत्त के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवायी। मिली शिकायत के आधार पर खड़दह थाने की पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

वीरांगनाओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया सावन महोत्सव

टीटागढ़: अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फ़ाउंडेशन की पश्चिम बंगाल प्रदेश इकाई की ओर से यहां हर्षोल्लास के साथ सावन महोत्सव मनाया गया। इसमें प्रदेश भर की वीरांगनाओं ने शिरकत की। समारोह में वीरांगनाओं ने कजरी और भगवान शिव के भजन गाकर उसमें जान फूंकी। गायत्री मंत्र का जाप भी किया। इस संगीतमय कार्यक्रम में आमंत्रित गायकों कुमार सुरजीत और साईं मोहन ने अपने गीतों से आनंद विभोर किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव जी ने समुद्र मंथन से निकला विष पीकर सृष्टि की रक्षा की थी। यही कारण है कि इस महीने को शिव जी का प्रिय महीना माना जाता है। वीरांगना की प्रदेश इकाई की महासचिव प्रतिमा सिंह, उपाध्यक्ष रीता सिंह, सचिव पूनम सिंह व किरण सिंह, महानगर की अध्यक्ष मीनू सिंह, महासचिव इंदु सिंह, उपाध्यक्ष ललिता सिंह, पदाधिकारी सरोज सिंह, पूनम सिंह, विद्या सिंह, सोदपुर की अध्यक्ष सुनीता सिंह, पदाधिकारी सुलेखा सिंह, मंजू सिंह, मंजू सुधीर सिंह, रीता सिंह, नीरा सिंह, नारी शक्ति वीरांगना की पदाधिकारी शकुंतला साव, अनीता साव, सुजाता साव आदि उपस्थित थे।

पंजाबी साहित्य सभा ने आयोजित किया छात्रों का जागरूकता कार्यक्रम व कवि दरबार

कोलकाता : पंजाबी साहित्य सभा ने कोरोना-काल के व्यवधान के पश्चात भौतिक रूप से खालसा हाई स्कूल में अपनी सभा की, जिसकी अध्यक्षता पंजाबी के वरिष्ठ कवि हरदेव सिंह ग्रेवाल ने की। इस मौके पर परमजीत पंधेर की स्मृति में प्रस्ताव पारित किया गया। सिख फोरम के सदस्य गुरशरण सिंह ने शीघ्र ही लांच किये जा रहे वेबसाईट की जानकारी दी । उसके बाद पंजाब से बाबा बंदा सिंह बहादुर इंजीनियरिंग कॉलेज के उपस्थित प्रतिनिधियों ने कॉलेज में प्रवेश से संबंधित तथा छात्रों को मिलने वाली

विशेष सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एक कवि दरबार हुआ, जिसमें किसान आंदोलन, पारिवारिक संबंधों तथा राजनेताओं की नकारात्मक भूमिकाओं पर केंद्रित कविताएं प्रस्तुत की गईं। उपस्थित प्रमुख कवियों तथा महत्वपूर्ण उपस्थिति में शामिल थे- सर्वश्री हरदेव सिंह ग्रेवाल, गुरदीप सिंह संघा, रावेल पुष्प, भूपेन्द्र सिंह बशर, गुरविंदर सिंह जम्मू वाले, रूपा झा, आयशा पासवान,जितेंद्र सिंह, गुरचरन सिंह, बलराज सिंह, इंद्रपाल सिंह, करणवीर सिंह, गुरजिंदर कौर, सुधा त्रिपाठी,गुरमीत सिंह, अमनदीप कौर सिद्धू, सिमरन कौर पंधेर, गुंजन कौर मान, कुलदीप कौर, अमरजीत कौर, आनंद मेहता, किरनजीत सिंह, चरणजीत कौर, मनदीप कौर, परमजीत कौर, गुरजीत कौर व अन्य।

खुलने के पहले सप्ताह मल्टीप्लेक्स ने किया बेहतर बिजनेस

कोलकाता : महानगर व आसपास के कई मल्टीप्लेक्स चेन ने खुलने के एक सप्ताह में नयी रिलीज के साथ ही बेहतर बिजनेस किया है। इस कारण अब अधिकारियों ने 3 और नयी फिल्में रिलीज करने का निर्णय लिया है जिनमें एक हॉलीवुड, एक बॉलीवुड और एक टॉलीवुड की फिल्म होगी। गत 5 अगस्त को कोलकाता व आसपास के मल्टीप्लेक्स में 50% सीटिंग क्षमता के साथ सुसाइड स्क्वायड नाम से हॉलीवुड फिल्म रिलीज की गयी।

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

Corrigendum of e-Tender Notice
2021 PHED 337590_9,10,13 & 14

Modified Date & Time Schedule of NIeT (online) Tender reference WBPHE/EE/MMD/NIeT-02 of 2021-22. Tender ID **No. 2021 PHED 337590_9,10,13 & 14** Due to unavoidable circumstance in this NIeT, Details may be download from http://wbtenders.gov.in Sd/- EE/MMD, P.H.E.Dte. ICA-T9650(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

PWD TENDER NOTICE

EE, PWDte, Bankura Electrical Division invites online e-tender for the work of (1) "SITC of AC Machine at the Newly constructed Science Building, Bankura University." e-NIQ NO 63/Q of 2021-22 EE/BED Last Date-27.08.2021. (2) "Supply Installation Testing and Commissioning of Diesel Generator sets including allied Electrical works at EMRS, Mukutmanipuir, Bankura." e-NIQ NO 64/Q of 2021-22 EE/BED Last Date-27.08.2021. Corrigendum if any will be published in website only. Details of NIT/NIQ and Tender documents may be downloaded From http://wbtenders.gov.in Sd/-EE, PWD, Bankura Electrical Division, GOVT. OF W.B. ICA-T9662(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

PWD TENDER NOTICE

The Executive Engineer – II, Kolkata South Health Electrical Division, PW Dte. invites eNIQ for "Day to day operation of two nos. bed-cum-passenger lift for three shifts installed at Central Block & Birla Block, Kolkata for the period of one year" vide Tender ID - 2021_WBPWD_338829_1. Last date of submissions – 24.08.21 upto 06.00 PM. All documents can be seen / obtained from the websites https://wbtenders.gov.in / www.pwdwb.in and office Notice Board. Sd/- Executive Engineer – II, Kolkata South Health Electrical Division, PW Dte. ICA-T9621(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

PWD TENDER NOTICE

Assistant Engineer, Contal N.H Sub Division P.W.(Roads) Dtee at Contai, district Purba Medinipur invites offline Tender No.1 of 2021-22 for 2 (TWO). Nos of work circulated vide Memo No- 72 Dated: 03/08/2021. Bid submission closing date (offline) 10/08/2021 upto 15.00 hrs. Details will be available at http://www.wbpwd.gov.in & this office Notice Board. Further detail information shall be available from the office of the undersigned from 11.00 AM to 4.00 PM on any working day. **Sd/- Amit Chowdhury,** Assistant Engineer, Contai N.H Sub-Division, P.W.(Roads) Dtee. ICA-T9627(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

PWD TENDER NOTICE

e-tender work is hereby invited by the Superintending Engineer, IT Circle, PWD, KIT Annex Building, 5th Floor, P-16, India Exchange Place Extension, Kolkata-700073. Name of Work: Urgent Provision for Compact Virtual Meeting Setup at The Offices of Chief Engineers and Key Superintending Engineers under Public Works Department to handle Emergent Situations under Prevailing COVID-19 Pandemjc. Tender ID: No. 2021_WBPWD_338809_1, Tender Ref No: WBPWD/SEITC/NIT-08 of 2021-2022. Bid Submission Closing Date: 28.08.2021 upto 05.00 p.m. Sd/- SE, IT Circle, PWD. ICA-T9629(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

IRRIGATION AND WATERWAYS DIRECTORATE

TENDER NOTICE

e-SNIT NO - WBIW/EE-I/LDID/e-SNIT-07/2021-22

e-Short Tender is hereby invited by the undersigned on behalf of the Governor of West Bengal from the eligible bonafide contractors for 3 (Three) no. Works. Last date & time of Bid Submission is 16.08.2021 till 16.00 Hrs. Details of tender Notice may be seen at http//wbtenders.gov.in or https://wbiw.gov.in Sd/- Executive Engineer-I, Lower Damodar Irrigation Division. ICA-T9669(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

PWD e-BID NOTICE

Executive Engineer-I, P.W. Directorate, Burdwan Division invites Electronic Bid for the one (1) number work Guarding & Caretaking of Damodar Bhavan I.B. **NIeB No. 04 of 2021-22.** Application submission closing date 24.08.2021, 11:00 A.M. Opening date of Technical Bid 26.08.2021, 12:00 NOON. Corrigendum if any will be published in website only. Details of N.I.e.B. and documents may be downloaded from: https://wbtenders.gov.in **Sd/- Executive Engineer-I, Burdwan Division, P.W.D.** ICA-T9633(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

e-TENDER NOTICE

e-Tender is being invited from eligible and resourceful contractors/bidders for e-Tender Id- 2021_IWD_339213_1 and Tender ref. No. **WBIW/EE/MMED/e-NIT-02/2021-22** for **Providing manpower at RRI,** Nadia. For details information will be available in website www.wbiwd.gov.in or https://wbtenders.gov.in Last date for submission of tender:- 31/08/2021 upto 14:00 Hrs. Other relevant information will be available from the office during working hour. Sd/- Executive Engineer, Metropolitan Drainage Mechanical Division, I & W Dte., Govt. of West Bengal. Jalasampad Bhavan (4th floor), Salt Lake City, Kolkata-700091. ICA-T9658(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

NOTICE INVITING e-TENDER
PHE/NTKD-II/e-10 OF 2021-2022

Tender is invited by The Executive Engineer, New Town Kolkata W/S Divn.-II, P. H. E. Dte. for the work (for Sl. no. **1** to **2**) (i) Last date submission: **23.08.2021** Upto **12:00** p.m. (ii) Date of Opening - **25.08.2021** After **01.00** p.m. (iii) Intending Bidders are requested to visit the website: http://etenders.wb.nic.in Sd/- Executive Engineer, New Town Kolkata W/S Divn.-II, P.H. Engineering Dte. ICA-T9664(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

e-Tender Notice (Abridged)
No.-NIeT-10/EE(BRM) of 2021-2022,
Vide Memo No.1247/BHM dt. 05.08.2021.

The Executive Engineer, Birbhum Division, P.H.E. Dte. Suri, Birbhum invites e-tenders for "Different types of works under Birbhum Division, P.H.E. Dte "Technical and Financial bid submission Closing date (online): 23.08.2021 at 18:00 IST. Details will be available from the website "www.wbtenders.gov.in & www.wbphed.gov.in" Sd/- Executive Engineer, Birbhum Division, P.H.E. Dte. ICA-T9637(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

TENDER NOTICE

N.I.e.T. No. 04/2021-2022/EE/SWD-I/WBPHED.
eTENDER ID: 2021_PHED_339009_1 to 3
Ref. Memo No. 618/SWD-I dt. 05.08.2021 &
Corrigendum no. 01 vide Memo no. 622/SWD-I dt. 05.08.2021

On behalf of the Governor of West Bengal, e-Tenders are invited by the Executive Engineer, South 24-Pgs, W/S Division-I, PHE Dte., C.I.T. Super Market Complex, 33 & 33/1, Chetla Central Road, (2nd Floor), Kolkata-27 for 03 (three) nos. work. Document download & Bid Submission closing date 31.08.2021 at 3.00 P.M. For details contact office of the undersigned or visit http://wbtenders.gov.in Sd/- Executive Engineer, South 24-Pgs, W/S Division-I, P.H.E. Dte. ICA-T9638(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

PWD TENDER NOTICE

Executive Engineer, Bankura Division, P.W. Directorate Invites online e-tender from the Resourceful and Bonafide contractor having credential as per G.O No.- 04-A/PW/0/10C-02/14, dated-18.03.2015. **Tender ref. No. WBPWD/EE/BANKURA DIVISION/NIT-03/2020-2021 & Tender ID: [2021_WBPWD_339252]** for 04 (Four) nos. of works under Bankura Division, P.W.D. circulated vide this office **memo no. 1350 dated, 06.08.2021. Bid submission start date (online): 10.08.2021 at 12.00 Hrs. IST. Bid submission closing date (online): 24.08.2021 at 12.00 Hrs. IST.** Corrigendum if any will be published in website only. **The details of NIT & Tender document may be downloaded from: http://wbetenders.gov.in** Sd/- Executive Engineer, Bankura Division, P.W. Directorate, Govt. of West Bengal. ICA-T9656(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

ABRIDGED TENDER NOTICE
NIeT No.09 /BD of 2021-22
(Vide Memo No.1391/BD dt. 06.08.2021)

Tender reference no. 1391_BD_NIeT_09_of_2021_22, Tender ID: 2021_PHED_339195_1., 2021_PHED_339195_2, 2021_PHED_339195_3, 2021_PHED_339195_4 & 2021_PHED_339195_5 :: Tender Invited by the undersigned for – Providing Functional Household Tap Connection (FHTC) in different w/s scheme under Basirhat, Bongaon & Barasat Sub-Division, PHE Dte. under Barasat Division, PHE Dte. Closing date of submission of both Technical and Financial bid (online)= 25.08.2021 Details of Tender document and its related corrigendum/ Addendum (if any) may be obtained from the office of the Executive Engineer, Barasat Division, P.H.E. Dte, on working days during office hours or in website - http://www.wbtenders.gov.in Sd/- **Executive Engineer, Barasat Division, P.H.E. Dte.,** ICA-T9652(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

O/O the Superintending Engineer, PWD
South-Western Electrical Circle,
Sahid Mangal Pandey Sarani, Midnapur-721101

NOTICE INVITING E-QUOTATION

No. – WBPWD/SE/SWEC/NIQ30/2020-21/4th Retender **Tender ID:** 2021_WBPWD_308971_5. Last date of submission of bid:- **23.08.2021 upto 14:00Hrs. Name Of Work** Supply, Installation, Testing, and Commissioning of DG set at SKBU, Purulia in the District of Purulia---E.I work for DG set Installation. & **Notice Inviting e-Quotation No. –** WBPWD/SE/SWEC/NIQ31/2020-21/4th Retender **Tender ID:** 2021_WBPWD_308972_5. Last date of submission of bid:- **23.08.2021 upto 14:00Hrs. Name Of Work** Supply, Installation, Testing, and Commissioning of 250 KVA DG set at Academic Building-II , SKBU, Purulia in the District of Purulia ---- E.I work for DG set Installation. & **Notice Inviting e-Quotation No. –** WBPWD/SE/SWEC/NIQ39/2020-21/3rd Retender **Tender ID:** 2021_WBPWD_321748_4. Last date of submission of bid:- **23.08.2021 upto 14:00Hrs. Name Of Work** Construction of (G+4) District Judge Court building within the campus of District Judge court in the district of Purulia--Electrical Installation work for Installation of passengers lift and Air-Conditioning system. & **Notice Inviting e-Quotation No. –** WBPWD/SE/SWEC/NIQ03/ 2021-22/2nd Retender **Tender ID:** 2021_WBPWD_331363_3. Last date of submission of bid:- **30.08.2021 upto 14:00Hrs. Name Of Work** External Electrical and allied work (excluding internal electrification) for proposed different building of Purulia Govt. Engineering College [Ramkrishna Mahato Govt. Engineering College] in the District of Purulia---SITC of Air Conditioning Machines at Academic building-1 and Academic building-2 Further details can be seen in the above mentioned office during working hours or in Official Website www.pwdwb.gov.in For all details and online tender submission visit https://wbtenders.gov.in Sd/- SE, SWEC, PWDte. ICA-T9630(3)/2021

GOVERNMENT OF WEST BENGAL

O/O the Superintending Engineer, PWD
South-Western Electrical Circle,
Sahid Mangal Pandey Sarani, Midnapur-721101

TENDER NOTICE

Notice Inviting e-Quotation No. – WBPWD/SE/SWEC/NIQ20/2020-21/4th Retender **Tender ID:** 2020_WBPWD_305349_5. Last date of submission of bid:- **23.08.2021 upto 14:00Hrs. Name Of Work** Construction of (G+4) storied office building for PWD, PWD(Roads), PWD(Electrical), and Social Sector at Gopiball